जिलाधिकारी, सुपौल

बिहार सरकार
**समाहरणालय, सुपौल**
सुपौल–852131
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

दूरभाषः 06473–223112 (कार्या०)
06473–224210 (फैक्स)
06473–223111, 223311 (आवास)
06473–223041 (फैक्स)
E-mail : dm-supaul.bih@nic.in
Website : www.supaul.bih.nic.in

पत्रांक : सं०सं०–......5/5–/2......सा०सु०को०, सुपौल, दिनांक 17.12./2019

सेवा में,

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला–सुपौल।
असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सुपौल।
जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, सुपौल।

विषय :– **दिव्यांगजनों हेतु दिनांक–20.12.2019 से 06.01.2020 तक विशेष शिविर आयोजित करने के संबंध में।**

प्रसंग :– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक संख्या–02/सा०सु० विविध–05/2014 (खण्ड) 1001, दिनांक–13.12.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य में दिव्यांगता प्रमाणीकरण का शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं उनके लिए उपयुक्त सहायक उपकरण निर्धारण करने हेतु दिव्यांगजनों का परीक्षण करने तथा UDID परियोजना में प्रगति लाने के उद्देश्य से बुनियाद केन्द्र द्वारा संचालित "बुनियाद संजीवनी सेवा" के माध्यम से प्रखंड स्तर पर शिविर का आयोजन दिनांक–20.12.2019 से 06.01.2020 तक किया जाना है। उक्त विशेष शिविर के आयोजन में आपसे निम्नलिखित कार्रवाई अपेक्षित है :–

1. प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं सहायक उपकरण निर्धारण हेतु लाभुकों का परीक्षण करने तथा UDID कार्ड के आवेदन प्राप्त करने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा।
2. शिविर आयोजन से पूर्व प्रखंड के प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी होंगे तथा वे संबंधित पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर एक Monitoring Cell का गठन करेंगे तथा योजनावध तरीके से काम पूर्ण करेंगे।
3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में उल्लेखित सभी प्रकार के दिव्यांगताओं का प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सुपौल अपने स्तर से करेंगे।
4. वैसे दिव्यांगजन जिनके द्वारा UDID कार्ड हेतु आवेदन नहीं किया गया है, उनका आवेदन भी शिविर में लिया जायेगा। UDID कार्ड हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज शिविर में प्राप्त किया जायेगा जिसका संधारण बुनियाद केन्द्र, सुपौल में कार्यरत कर्मी के द्वारा किया जायेगा। शिविर समाप्ति के पश्चात बुनियाद केन्द्र के माध्यम से UDID कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों को UDID Portal पर उसी दिन On line करेंगे। दिव्यांगजनों से UDID प्रमाण पत्र हेतु प्रमाण पत्र के रूप में (A) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (B) पहचान पत्र संबंधी दस्तावेज (C) आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर का नमूना शिविर में ही प्राप्त किया जायेगा।
5. जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, सुपौल, बुनियाद संजीवनी सेवा एवं प्रखण्डवार/ पंचायतवार पदाधिकारी एवं कर्मी के नाम एवं मोबाईज नं० के साथ रोस्टर तैयार करेंगे।
6. शिविर का प्रचार–प्रसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, विकास मित्र, आँगनवाड़ी सेविका एवं अन्य संसाधन से करेंगे ताकि शतप्रतिशत दिव्यांगजनों का UDID कार्ड बनाया जा सके।
7. विशेष दिव्यांगजन के अनुश्रवण का कार्य सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सुपौल करेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी एवं निदेशालय को प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

Scanned by CamScanner

8. शिविर समाप्ति के पश्चात सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन कोषांग, सुपौल आकलित सहायक उपकरणों की सूची तैयार करेंगे तथा उपलब्ध राशि से उपकरण का क्रय एलिमको कानपुर से करेंगे, जिसे बुनियाद केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराऐंगे।
9. अति विशिष्ट अथवा आधुनिक सहायक उपकरण जिसका निर्माण एलिमको कानपुर द्वारा नहीं किया जाता है कि सूची स्क्रीनिंग कमिटि से पारित कराकर सभी साक्ष्य के साथ राज्य आयुक्त, निःशक्तता, बिहार, पटना को भेजेंगे।
10. शिविर में भाग लेने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सुपौल करेंगे।
11. शिविर में प्राथमिक उपचार, सुरक्षा आदि की व्यवस्था संबंधी PHC एवं थाना प्रभारी करेंगे।
12. विशेष शिविर का आयोजन निम्नवत किया जायेगा :–

| दिनांक | स्थल |
|---|---|
| 20.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, मरौना |
| 21.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, निर्मली |
| 23.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, राघोपुर |
| 24.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, सरायगढ़–भपटियाही |
| 26.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, पिपरा |
| 27.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, त्रिवेणीगंज |
| 28.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, छातापुर |
| 30.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, प्रतापगंज |
| 31.12.2019 | प्रखंड मुख्यालय, बसंतपुर |
| 03.01.2020 | प्रखंड मुख्यालय, किशनपुर |
| 04.01.2020 | प्रखंड मुख्यालय, सुपौल |
| 06.01.2020 | प्रखंड मुख्यालय, सुपौल |

अतः निदेशित दिया जाता है कि उपरोक्त तिथि को तत्परता से शिविर का संचालन कर शतप्रतिशत दिव्यांगजनों का UDID कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

17/12/19

जिलाधिकारी,
सुपौल।



Scanned by CamScanner